# आकाशवाणी भोपाल
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 30/03/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गुजरात दौरे पर, गांधीनगर में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में तीन राज्यों के युवा विधायकों के सम्मेलन का किया उद्घाटन।
- पहली अप्रैल से शुरू होगी जनगणना 2027, पहले चरण में घरों की सूची और स्वगणना की जायेगी।
- प्रदेश में आंधी—बारिश का दौर शुरू, अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में ओलावृष्टि की संभावना।

### प्रधानमंत्री— गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल एक दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री मोदी महावीर जयंती के अवसर पर गांधीनगर में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री अहमदाबाद के सानंद स्थित केयन्स सेमीकंडक्टर संयंत्र का भी उद्घाटन करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री वाव—थारद में 20 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

### विधायक सम्मेलन

प्रदेश विधानसभा में आज से तीन राज्यों के युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने हर दौर में अपनी शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिया है। आज हमारा देश विश्व की महाशक्तियों में शामिल है और हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था से दुनिया के अनेक देश सीख ले रहे हैं।

वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए युवा नेतृत्व का सशक्त होना बेहद जरूरी है और इसके लिए छात्र संघ चुनाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मेलन में भाग लेने वाले विधायकों में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधायक शामिल हैं। सम्मेलन में आज पहले दिन लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करने में युवा विधायकों की भूमिका जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई।

### एमएसएमई— मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को 'सिंगल क्लिक' के माध्यम से 169 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि का अंतरण किया।

इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' के हितग्राहियों को ऋण राशि के चैक सौंपने के साथ ही उद्यमियों को औद्योगिक भूमि आबंटन पत्र भी वितरित किए गए।

### एमपी—यूपी सहयोग सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल वाराणसी में आयोजित "एमपी—यूपी सहयोग सम्मेलन 2026" में शामिल होंगे। सम्मेलन के मुख्य सत्र में निवेश, औद्योगिक सहयोग और ओडीओपी आधारित अर्थव्यवस्था पर केंद्रित चर्चा होगी, जहां मध्यप्रदेश की निवेश—अनुकूल नीतियों, अधोसंरचना और प्रोत्साहन तंत्र को प्रस्तुत किया जाएगा। इसी सत्र में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्रों में सहयोग को औपचारिक रूप दिया जाएगा।

### शिवराज—जितेंद्र बायो—बिटुमेन

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि बायो—बिटुमेन को अपनाना भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं, नेट ज़ीरो लक्ष्यों, और आत्मनिर्भर भारत जैसी कई पहलों के अनुरूप है।

नई दिल्ली में आयोजित बायो–बिटुमेन वाया पायरोलिसिस नामक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा पराली से सड़क बनाने तक का यह सफर सचमुच ऐतिहासिक है। बायो–बिटुमेन एक प्रभावी समाधान बनकर उभरा है।

इस दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि बायो–बिटुमेन का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है।

जनगणना 2027

जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की 16वीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में, घर–घर की सूची बनाना और स्व–गणना की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि स्व–गणना की सुविधा 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक संचालित की जाएगी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसका संचालन अलग–अलग 15 दिन की अवधि में होगा। उन्होंने कहा कि स्व–गणना पूरी होने के बाद, 30 सितंबर तक 30 दिनों की अवधि में घरों की सूची तैयार की जाएगी। श्री नारायण ने बताया कि जाति गणना जनगणना के दूसरे चरण में की जाएगी।

जल संसाधन

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रदेश में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश के गांवों, नगरों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने आज भोपाल में अभियान संबंधी बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

गेहूं खरीदी

राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तिथियों में संशोधन किया गया है। जारी निर्देशानुसार इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में अब समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा। पूर्व में इन संभागों में खरीदी कार्य एक अप्रैल से शुरू किया जाना प्रस्तावित था।

## एलपीजी, पेट्रोल, डीजल

**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि प्रदेश सहित पूरे देश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मंत्री श्री राजपूत ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पीएनजी कनेक्शन लेने का भी आग्रह किया, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो और स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।**

महावीर जयंती

जैन धर्म के चौबीसवें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव 'महावीर जयंती' पूरे प्रदेश में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और 'जियो और जीने दो' का शाश्वत संदेश देने वाले भगवान महावीर का जन्मोत्सव समाज को शांति और सद्भाव की राह दिखाता ळें

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर,नीमच सहित कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। छिंदवाड़ा जिले के विभिन्न विकासखंडों में गरज–चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4 से 5 दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और बादलों का दौर जारी रहेगा। अगले 24 घंटों में ग्वालियर–चंबल संभाग के भिंड और दतिया जिलों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। वहीं भोपाल, जबलपुर और अन्य कई जिलों में भी बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राजगढ़ में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने 1 करोड़ 78 लाख से अधिक की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।
- दतिया,में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी) की सुचारू आपूर्ति के लिए कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।
- एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक झाबुआ जिले में 6 हजार 281 से अधिक किशोरी बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है।
- गुना में आज चार व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से घरेलू गैस सिलेंडर जप्त् कर प्रकरण दर्ज किया गया।
- खंडवा जिले में 15 जुलाई तक बिना अनुमति किसी भी जल स्रोत से पेयजल और घरेलू उपयोग के अलावा पानी लेने पर प्रतिबंध रहेगा।
- **जबलपुर जिले में पिछले दिनों आगजनी की घटनाओं के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम सतर्कता बरतते हुए नगरीय क्षेत्र में अग्निशमन उपकरणों की जांच का अभियान शुरू कर दिया है।**

------------------------